निवाण टाइम्स

Page No. 05 (Gzb. City) Date: 08 Dec. 2018

आईटीएस कॉलेज में व्याख्यान का आयोजन

निवाण टाइम्स संवाददाता

इवेंट

- विद्यार्थियों को आगे बढ़ने का किया गया आह्वान
- आधुनिक सुविधाओं का लाभ उठाएं विद्यार्थी

गाजियाबाद। आईटीएस सेंटर फॉर डेन्टल स्टडीज एंड रिसर्च सेंटर मुरादनगर में डॉ. हरी प्रकाश ओरेशन लैक्चर का आयोजन किया गया। लैक्चर का शुभारम्भ आईटीएस द एजुकेशन ग्रुप के वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा, प्रो. (डॉ.) हरी प्रकाश, प्रो. (डॉ.) विजय प्रकाश माथुर, हैड-पीडोडोन्टीक्स एंड प्रिवेन्टीव डेन्टीस्ट्री विभाग (एम्स), आईटीएस के निदेशक डॉ. विनोद सचदेव, प्रधानाचार्य डॉ. देवीचरण शेट्टी द्वारा दीप जलाकर किया गया।

इस मौके पर डॉ. विनोद सचदेव ने कहा कि विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने का आह्वान करते हुए आईटीएस समूह की प्रशंसा की। प्रो. (डॉ.) हरी प्रकाश ने कहा कि आईटीएस में सभी प्रकार की आधुनिक सुविधाएं हैं, छात्रों को इनका लाभ उठाना चाहिए। प्रो. (डॉ.) विजय प्रकाश माथुर ने कहा कि आईटीएस-सीडीएसआर में सभी प्रकार की सुविधाएं तथा आधुनिक तकनीक मौजूद हैं तथा संस्थान आज भी अनेकों नई सुविधायें प्रदान करने कि लिए प्रयास कर रहा है। डॉ. माथुर ने बताया कि आज के युग में रोगी की जागरूक्ता तथा तक्नीकि दोनों का ही अपना महत्वपूर्ण स्थान है। उन्होनें राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर दन्त रोगों के बारे में चर्चा की तथा सभी उपस्थित डॉक्टरों के सवालों के जवाब दिए। लैक्चर के अन्त में अर्पित चड्ढा ने प्रोफेसर (डॉ.) विजय

माथुर तथा प्रो. (डॉ.) हरी प्रकाश को सम्मानित किया।

Nav Bharat Times (Hindi)

Page.No. Gzb. (03) Date. 08 Dec 2018

आईटीएस में लेक्चर

एनबीटी न्यूज, मेरठ रोडः आईटीएस सेंटर फॉर डेन्टल स्टडीज एंड रिसर्च में शुक्रवार को डॉ. हरि प्रकाश लेक्चर का आयोजन हुआ। उद्घाटन आईटीएस ग्रुप के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने किया। डायरेक्टर डॉ. विनोद सचदेव ने बताया कि यहां आज सभी प्रकार की सुविधाएं और आधुनिक तकनीक मौजूद हैं।

Amar Ujala

Page No.. Gzb (05) Date. 11 Dec 2018

आईटीएस सेंटर फॉर डेंटल स्टडीज में व्याख्यान

गाजियाबाद। मुरादनगर स्थित आईटीएस सेंटर फॉर डेंटल स्टडीज एंड रिसर्च में डॉ. हरि प्रकाश ओरेशन व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आईटीएस-सीडीएसआर पीजी स्टडीज के डायरेक्टर डॉ. विनोद सचदेवा ने कहा कि आईटीएस ग्रुप, जहां विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करता है, वहीं मरीजों को उच्चस्तरीय इलाज भी देता है। प्रो. डॉ. विजय प्रकाश माथुर ने कहा कि वर्तमान समय में रोगी की जागरूकता और तकनीक दोनों ही महत्वपूर्ण है। संस्थान में सभी प्रकार की सुविधाएं और आधुनिक तकनीक उपलब्ध हैं। इस मौके पर आईटीएस ग्रुप के वाइस-चेयरमैन अर्पित चड्ढा, प्रो. डॉ. हरि प्रकाश, प्राचार्य डॉ. देवीचरण शेट्टी उपस्थित थे। ब्यूरो